Code No. **66/2/2**
कोड नं.

- Please check that this question paper contains 5 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 25 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 5 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 25 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

BUSINESS STUDIES
व्यावसायिक अध्ययन

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 100*
निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

General Instructions :

*(i) Answers to questions carrying **2 - 3** marks should not exceed **30 - 40** words.*

*(ii) Answers to questions carrying **4 - 5** marks should not exceed **60 - 80** words.*

*(iii) Answers to questions carrying **6** marks should not exceed **100** words.*

(iv) Attempt all parts of a question together.

सामान्य निर्देश :

*(i) **2 - 3** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर **30 - 40** शब्दों से अधिक न हों।*

*(ii) **4 - 5** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर **60 - 80** शब्दों से अधिक न हों।*

*(iii) **6** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर **100** शब्दों से अधिक न हों।*

(iv) किसी प्रश्न के सभी भाग साथ-साथ ही हल कीजिए।

1. How does marketing create demand for products and services ? 2
विपणन, उत्पादों एवं सेवाओं की माँग किस प्रकार सृजित (उत्पन्न) करता है ?

2. What is meant by the 'product concept of marketing' ? 2
'विपणन की उत्पाद अवधारणा' से क्या आशय है ?

3. State any two functions of top-level management. 2
उच्च-स्तरीय प्रबन्ध के कोई दो कार्य बताइए।

4. What is meant by 'social environment' of business ? 2

व्यवसाय के 'सामाजिक वातावरण' का क्या अर्थ है ?

5. Enumerate any two functions fo a supervisor. 2

पर्यवेक्षक के किन्हीं दो कार्यों की गणना कीजिए।

6. "Efficiency and productivity depend upon the quality of leadership." Do you agree with this statement ? Give any three reasons in support of your answer. 3

''कार्यकुशलता एवं उत्पादकता नेतृत्व की गुणवत्ता पर निर्भर करते हैं।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में कोई तीन कारण दीजिए।

7. Enumerate any three company related factors that should be kept in view while deciding the choice of channels of distribution for any product. 3

किसी उत्पाद के लिए वितरण माध्यम का चुनाव करते समय जिन कम्पनी सम्बन्धी घटकों को ध्यान में रखना चाहिए उनमें से किन्हीं तीन की गणना कीजिए।

8. State any three objectives of sales promotion. 3

विक्रय संवर्धन के कोई तीन उद्देश्य बताइए।

9. An organisation follows the principles of management. What are the adverse effects of each of the following principles of management on the organisation : 3

(i) Unity of command

(ii) Order

(iii) Stability of tenure of personnel

एक संगठन, प्रबन्ध के सिद्धान्तों का पालन करता है। प्रबन्ध के निम्नलिखित प्रत्येक सिद्धान्त के संगठन पर प्रतिकूल प्रभाव क्या होते हैं :

(i) आदेश की एकता

(ii) व्यवस्था

(iii) कर्मचारियों के कार्यकाल में स्थायित्व

10. Why is it important to motivate employees in an organisation ? Give any three reasons. 3

किसी संगठन में कर्मचारियों को अभिप्रेरित करना क्यों महत्त्वपूर्ण है ? कोई तीन कारण दीजिए।

11. You are the representative of workers in your factory. Which method of wage payment — time-rate or piece-rate — would you prefer for your colleagues ? Explain in brief any four reasons in support of your answer. 4

आप किसी कारखाने में श्रमिकों के प्रतिनिधि हैं। आप अपने साथियों के लिए मज़दूरी भुगतान की कौनसी विधि — समयानुसार अथवा कार्यानुसार — चुनेंगे ? अपने उत्तर के समर्थन में कोई चार कारण संक्षेप में समझाइए।

12. Distinguish between Capital market and Money market on the basis of (i) Participants, (ii) Instruments traded, (iii) Investment outlay, and (iv) Safety. 4

(i) सहभागी, (ii) लेन-देन किए जाने वाले प्रपत्रों, (iii) विनियोग परिव्यय, एवं (iv) सुरक्षा, के आधार पर पूँजी बाजार तथा मुद्रा बाजार में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

13. "Securities and Exchange Board of India (SEBI) is the regulatory authority of the securities market." Do you agree ? Explain in brief any four reasons in support of your answer. 4

''भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) प्रतिभूति बाज़ार पर निगरानी रखने वाला प्राधिकारी है।'' क्या आप सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में कोई चार कारण संक्षेप में समझाइए।

14. Describe, in brief, Taylor's principles of (i) separation of planning and operational work, and (ii) science, not the rule of thumb. 4

टेलर के सिद्धान्तों (i) नियोजन एवं कार्यात्मक स्तर पर कार्य का पृथक्कन, एवं (ii) विज्ञान, न कि रूढ़िवादिता, का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

15. Define the term 'Organisation Structure' and enumerate any three considerations to the kept in mind while building an organisational structure. 4

'संगठन ढाँचे' की परिभाषा दीजिए तथा ऐसी किन्हीं तीन बातों की, जिन्हें संगठन ढाँचे के निर्माण के समय ध्यान में रखना चाहिए, गणना कीजिए।

16. "Controlling helps in monitoring sales and coping with organisational complexities." Explain this statement in brief. 5

''नियन्त्रण, विक्रय मॉनीटर करने में तथा संगठनात्मक जटिलताओं का सामना करने में सहायता करता है।'' इस कथन की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

17. Explain briefly any five factors that affect the capital structure of a business enterprise. 5

किसी व्यावसायिक उद्यम के पूँजी के ढाँचे को प्रभावित करने वाले किन्हीं पाँच घटकों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

18. You are a newly appointed finance manager in the company and you found that the company is badly affected by over-capitalisation. The directors do not agree with your findings. Convince the directors by giving any five effects of over-capitalisation on the company. 5

आप किसी कम्पनी में नव-नियुक्त वित्त प्रबन्धक हैं तथा आपको पता चला कि कम्पनी बुरी तरह से अति-पूँजीकरण से प्रभावित है। निदेशक आपके निष्कर्ष से सहमत नहीं हैं। कम्पनी पर अति-पूँजीकरण के कोई पाँच प्रभाव देते हुए निदेशकों की संतुष्टि कीजिए।

19. "Management is regarded as an art." Do you agree ? Explain the reasons. 5

''प्रबन्ध को कला की भाँति समझा जाता है।'' क्या आप सहमत हैं ? कारण समझाइए।

20. Explain briefly any five positive impacts of globalisation and liberalisation on business and industry in India. 5

भारत में व्यवसाय तथा उद्योग पर विश्वव्यापीकरण एवं उदारीकरण के कोई पाँच अनुकूल प्रभाव संक्षेप में समझाइए।

21. Explain any six qualities of a successful salesman. 6

OR

You are the advertising manager of a business unit providing catering services for supplying food and snacks at the doorsteps of consumers in a metropolitan area. Which media of advertisement would you choose to advertise your product ? Give any five reasons in support of your answer.

किसी सफल विक्रेता की किन्हीं छः विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

अथवा

आप किसी ऐसी व्यवसायिक इकाई, जो एक महानगर क्षेत्र में उपभोक्ताओं को भोजन तथा जलपान घर तक पहुँचाने हेतु भोजन प्रबन्ध में लगी है, के विज्ञापन प्रबन्धक हैं। अपने उत्पाद के विज्ञापन हेतु आप विज्ञापन के कौनसे माध्यम चुनेंगे ? अपने उत्तर के समर्थन में कोई पाँच तर्क दीजिए।

22. Explain, in brief, any six ways and means of consumer protection followed in India. 6

OR

Explain, in brief, any six functions of consumer organisations in the area of consumer protection.

ऐसे किन्हीं छः उपायों (तरीकों) की संक्षेप में व्याख्या कीजिए जो भारत में उपभोक्ता संरक्षण के लिए अपनाये जाते हैं।

अथवा

उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उपभोक्ता संगठनों के किन्हीं छः कार्यों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

23. Explain in brief, the meaning of 'Planning' and any five characteristics of planning. 6

OR

''No enterprise can achieve its objectives without systematic planning." Do you agree ? Give any five reasons in support of your answer.

'नियोजन' का अभिप्राय एवं नियोजन की किन्हीं पाँच विशेषताओं की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

अथवा

''कोई भी उद्यम क्रमबद्ध नियोजन के बिना अपने उद्देश्यों की प्राप्ति नहीं कर सकता।'' क्या आप सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में कोई पाँच तर्क दीजिए।

24. Why are external sources of recruitment better than internal sources of recruitment ? Explain briefly, any six reasons. 6

OR

Why is staffing an important function of management in all the organizations ? Explain in brief, any six reasons.

भर्ती के बाह्य स्रोत भर्ती के आन्तरिक स्रोतों से क्यों बेहतर हैं ? संक्षेप में किन्हीं छः कारणों की व्याख्या कीजिए।

अथवा

सभी संगठनों में नियुक्तिकरण प्रबन्ध का एक महत्त्वपूर्ण कार्य क्यों हैं ? कोई छः कारण संक्षेप में समझाइए।

25. Distinguish between formal and informal organisations on the basis of (i) Purpose, (ii) Stability, (iii) Adherence to rules, (iv) Tenure, (v) Flow of authority, and (vi) Communication. 6

OR

"Delegation of authority helps in reducing the workload of managers and in motivating the subordinates." Explain this statement.

(i) उद्देश्य, (ii) स्थायित्व, (iii) नियमों का पालन, (iv) कार्य-काल, (v) अधिकार प्रवाह, एवं (vi) सम्प्रेषण, के आधार पर औपचारिक तथा अनौपचारिक संगठनों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

''अधिकार प्रत्यायोजन प्रबन्धकों के कार्यभार को कम करने में तथा अधीनस्थों को अभिप्रेरित करने में सहायता करता है।'' इस कथन की व्याख्या कीजिए।